the Hazira introgenous fertilizer plant of KRIBHCO for the last three years are given below:

Percentage capacity utilization (%)

Year	IFFCO Plants (Average)		KRIBHCO (Hazira)
	Nitrogen	P205	Nitrogen
1991-92	109.5	113	117.1
1992-93	107.6	100	116.2
1993-94	111.4	110	104.4

Modernisation of Mangalore Airport

346. SHRI JANARDHANA POOJARY: Will the Minister of CIVIL AVIATION AND TOURISM be pleased to state:

(a) whether Government propose to modernise Mangalore Airport and extend its runway; if so, the details thereof;

(b) whether the land for this purpose has been acquired;

(c) what is the amount of money spent so far for modernisation and extension of runway; and

(d) what progress has so far been made with regard to the modernisation of the airport?

THE MINISTER OF CIVIL AVIATION AND TOURISM (SHRI GHULAM NABI AZAD): (a) to (d) National Airports Authority (NAA) had planned to re-orient the runway and upgrade the airport. With this in view, NAA wanted to acquire adequate land and therefore had deposited Rs. 50 lakhs with the State Government Rs. 44.00 lakhs have been spent for provision of High Intensity Runway Lights and Precision Approach Path Indicators. Now in the changed scenario, Government of Karnataka is keen to develop a private airpot' for Mangalore for which NAA is issuing No Objection Certificate.

उत्तर प्रदेश में नई हवाई पट्टियों के निर्माण का प्रस्ताव

347. **मौलाना अबैदुल्ला खान आजमी** : क्या नागर विमानन और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार उत्तर प्रदेश में और अधिक पर्यटकों को आकर्षित करने हेतु निकट भविष्य में वहां नई हवाई पट्टियों का निर्माण करने का विचार रखती है ;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ;

(ग) क्या सरकार विद्यमान विमानपत्तनों का दर्जा बढ़ाने पर विचार कर रही है ; और

(घ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) : (क) जी, नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) और (घ) हवाई अड्डों का उन्नयन एक सतत प्रक्रिया है और इस

परियोजना की आवश्यकता और संसाधनों की उपलब्धता के आधार पर चरणबद्ध रूप में किया जाता है। राष्ट्रीय विमान-पत्तन प्राधिकरण की उत्तरप्रदेश में निम्न-लिखित मौजूदा हवाई अड्डों के उन्नयन की योजना है।

आगरा :–मौजूदा टर्मिनल भवन का विस्तार, टैक्सी पथ को चौड़ा करना, एप्रन का विस्तार और संयोजी टैक्सी पथ का निर्माण और डोपलर अति उच्चा-वृत्ति सर्वपरास और दूरी मापक उपस्कर की संस्थापना। लखनऊ––धावन पथ एप्रन और टैक्सी पथ पर पुनः फर्श बिछाना, धावनपथ के दोनों छोर पर ट्रनिंग पैडों का निर्माण और धावनपथ को शोल्डरिंग करना।

वाराणसी––टर्मिनल भवन का विस्तार और परिवर्धन।

कानपुर (चकेरी)––टर्मिनल काम्प-लैक्स का विकास और अतिउच्चावृत्ति सर्वपरास तथा दूरी मापक उपस्कर की संस्थापना।

उत्तर प्रदेश में पर्यटक केन्द्रों के विकास हेतु प्रस्ताव

348. **मौलाना अबेदुल्ला खान आजमी** क्या **नागर विमानन और पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य में विद्यमान पर्यटक केन्द्रों का विकास करने और कुछ नए केन्द्र स्थापित करने हेतु 1993–94 के दौरान केन्द्र सरकार को कुछ प्रस्ताव प्रस्तुत किए हैं ;

(ख) यदि हां, तो कितने प्रस्ताव स्वीकृत किए गए हैं ;

(ग) ये पर्यटक केन्द्र कितने जिलों में स्थापित किए जा रहे हैं ; और

(घ) इनमें से प्रत्येक पर्यटक केन्द्र हेतु कितनी-कितनी धनराशि स्वीकृत की गई है और इन्हें किस तारीख तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) : (क) और (ख) उत्तर प्रदेश शासन ने वर्ष 1993–94 के दौरान केन्द्रीय वित्तीय सहायता के लिए निम्नलिखित 7 पूरे प्रस्ताव प्रस्तुत किए थे जो स्वीकृत हो गए हैं :–

क्र.सं.	परियोजना का नाम	स्वीकृत राशि (रु० लाखों में)
1.	मुरादनगर (जिला मेरठ, उ०प्र०) में मार्गस्थ सुख-सुविधाएं . .	8.35
2.	पर्रेदा (जिला गोरखपुर, उ०प्र०) में मार्गस्थ सुख-सुविधाएं . .	8.27
3.	शाहगंज (जिला जौनपुर, उ०प्र०) में मार्गस्थ सुख-सुविधाएं . .	8.28
4.	सरदाना (जिला मेरठ, उ०प्र०) में पर्यटक लॉज . . .	13.48
5.	खंडीला (जिला मुजफ्फरनगर, उ०प्र०) में पर्यटक परिसर . .	10.07
6.	बटेश्वर (जिला आगरा, उ०प्र०) में पर्यटक परिसर . .	13.59
7.	बटेश्वर (जिला आगरा, उ०प्र०) में घाटों का सुधार . . .	20.00
	जोड़ :	82.04